अति–आवश्यक

राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेलः–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईटः– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/ बजट घोषणा / 18/ 76687-693 दिनांक :– 01/10/2018

उप निदेशक (क्षेत्रीय),
स्थानीय निकाय विभाग,
समस्त, राजस्थान।

विषयः– बजट घोषणा वर्ष 2018–19 RUIRP–II अन्तर्गत अम्बेडकर भवन, सार्वजनिक शौचालय एवं श्मशान/कब्रिस्तान के विकास एवं सड़क–नाली की मरम्मत एवं पुरर्रूद्वार के कार्यो की प्रगति रिपोर्ट "Online Google Drive" प्रपत्रों मे नियमित अपडेट करने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– विभागीय पूर्व पत्रांक 37387–578 दिनांक 11.05.2018, 37906–939 दिनांक 15.05.2018, 41300–307 दिनांक 28.05.2018, 65099–109 दिनांक 27.07.2018 एवं 67955–68146 दिनांक 06.08.2018 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के क्रम में लेख है कि बजट घोषणा वर्ष 2018–19 RUIRP –II अन्तर्गत प्रत्येक नगरीय निकाय में अम्बेडकर भवन निर्माण, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, श्मशान/कब्रिस्तानों का विकास एवं सड़क/नालों के पुनरूद्धार के कार्यो की प्रगति रिपोर्ट लेने बाबत् "Online Google Drive" बनाई गई है।

निदेशालय द्वारा गूगल ड्राईव पर प्रत्येक गुरूवार को प्रगति रिपोर्ट अपडेट किये जाने हेतु समय–समय पर निर्देशित किया जा चुका है तथा निदेशालय में समस्त निकायों के सम्बन्धित स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है, परन्तु आज दिनांक तक नगरीय निकायों द्वारा नियमित प्रगति रिपोर्ट अपडेट नही की जा रही है एवं जो रिपोर्ट अपडेट की जा रही है उसमें भी कई प्रकार की त्रुटिया की हुई है। जिससे राज्य सरकार को सही सूचना भिजवाई जाने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

अतः आप स्वयं दो दिवस में RUIRP-II के कार्यो की गूगल ड्राईव पर वास्तविक प्रगति रिपोर्ट अपडेट करवाया जाना सुनिश्चित करें, जिससे राज्य सरकार को बजट घोषणा वर्ष 2018–19 के कार्यो से सम्बन्धित वास्तविक सूचना भिजवाई जा सके।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/ बजट घोषणा / 18/ 76694-920 दिनांक :– 01/10/2018

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वा0 शासन विभाग राज0 जयपुर।
2. जिला कलक्टर, समस्त राजस्थान।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
4. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/परिषद/पालिका, समस्त राजस्थान।
5. प्रोग्रामर, निदेशालय विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं ईमेल करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली।

01/10/18
(भूपेन्द्र माथुर)